संख्या-50 /2017/701/22-4-17-102(ब)/13टीसी-1

प्रेषक,

करूणेश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक- 06 सितम्बर, 2017

विषय- जिला कारागार, सोनभद्र तथा कासगंज में एफजी-1 पोल मेटल डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना कराये जाने हेतु प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-29635/आधु0-1/सि0पो0/2014, दिनांक 17.08.2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जिला कारागार, सोनभद्र तथा कासगंज में एफजी-1 पोल मेटल डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना कराये जाने हेतु इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली (ईसीआईएल) को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए प्रति कारागार रू0 13,28,200/- की दर से 02 कारागारों हेतु कुल रू0 26,56,400/-(रूपया छब्बीस लाख छप्पन हजार चार सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(1) उक्त धनराशि का व्यय/उपयोग वित्तीय हस्पुस्तिका में उल्लिखित नियमों तथा समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत नियमानुसार समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए किया जायेगा।

(2) ई0सी0आई0एल0 द्वारा आपूर्ति किये गये उपकरणों की गुणवत्ता/क्रय सम्बन्धी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का दायित्व महानिरीक्षक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ तथा सम्बन्धित संस्था का होगा।

(3) स्वीकृत उक्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियमानुसार शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक 31.12.2017 तक अवश्य कर लिया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि बैंक खाता अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

(6) धनराशि जिस प्रयोजन हेतु स्वीकृत की जा रही है, उसी पर व्यय की जायेगी। व्यय के पश्चात यदि कोई धनराशि शेष बचती है, तो उसे राजकोष में जमा कर दी जायेगी।

2- इस निमित्त होने वाला चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-14-कारागारों के लिए उपकरणों, संयंत्रों एवं वाहन आदि की व्यवस्था-26-मशीनें और सज्जा/उपकरण एवं संयंत्र" मद में उपलब्ध बजट प्राविधान से वहन किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-8/2017/बी-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक- 03.08.2017 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(करूणेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

संख्या-50 /2017/701(1)/22-4-17-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(4) निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) वित्त नियंत्रक, कारागार मुख्यालय, लखनऊ।
(6) वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इण्डिया लि0, बी-2 डीडीए, शापिंग काम्प्लेक्स, रिंग रोड, नारायणा, नई दिल्ली।
(7) निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 शासन।
(8) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
(9) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(करूणेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in